NT>

Title: Need to hand over the management of M/s Sambhar Salt Limited to State Government of Rajasthan for its smooth functioning.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : सभापति महोदय, मैसर्स सांभर साल्ट लिमिटिड ऊपरी खर्चों की अधिकता, कुप्रबन्ध, न्यून उत्पादन के कारण निरन्तर घाटे में चल रहा है जबकि अन्य नमक व्यवसाय जैसे डीडवाना जो केन्द्र सरकार द्वारा राज्य को 1960 में हस्तांतरित किया गया था, लाभ अर्जित कर रहा है। इसी प्रकार राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहा पचभद्रा नमक व्यवसाय हर र्वा लाभ प्रदर्शित कर रहा है और हजारों स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहा है। सांभर साल्ट लिमिटिड न्यायमूर्ति श्री वी. वी. कृणामाचारी द्वारा जो अवार्ड दिया गया था, उसे भी पूरा करने में असफल रहा है। यदि इस अवार्ड को पूरा कर दिया होता तो राज्य सरकार को अधिक राजस्व प्त होता।

अतः मेरी मांग है कि सांभर नमक क्षेत्र नमक स्रोतों के पूर्ण उपयोग एवं अच्छे नियंत्रण के लिए राज्य सरकार को हस्तांतरित किया जाए।